डिजिटल ई-पेपर

# मेवाड़ जगत

उदयपुर, शुक्रवार, 19 जून 2026 वर्ष - 4 अंक : 31 पेज : 6

अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated

डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित

4-सी, एपेक्स चेम्बर,
भारतीय लोक कला मंडल के पीछे,
मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880

अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated

## राजस्थान का पहला टोल प्लाजा, बिना रुके गुजर रहे-वाहन

### जयपुर- दिल्ली हाईवे पर दौलतपुरा में एडवांस सिस्टम से कट रहा टोल, फास्टैग न होने पर लगेगा जुर्माना

**जयपुर।** जयपुर- दिल्ली ओल्ड हाईवे पर टोल बूथ पर बिना रुके तेज स्पीड में वाहन गुजर रहे हैं। राजस्थान में पहली बार बैरियर फ्री टोल कलेक्शन की सुविधा इस दौलतपुरा टोल प्लाजा से की गई। इस हाईवे पर अब दो टोल बूथ और हैं, नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने पूरे हाईवे को 15 जुलाई तक बैरियर फ्री बनाने का लक्ष्य रखा है। दौलतपुरा टोल प्लाजा पर शुक्रवार से एडवांस सिस्टम से टोल कट रहा है। टोल बूथ पर दोपहर से गाड़ियों के गुजरते समय कोई बैरियर डाउन नहीं किया गया। वहीं पहले दिन कई गाडियों के ड्राइवर फास्टैग से टोल टैक्स देने के लिए कुछ देर बूथ पर रुके। ऐसे में उन्हें बताया गया कि टोल टैक्स कट गया है। आप जा सकते हैं। अब जल्द ही इस टोल बूथ से स्ट्रक्चर भी हटेंगे।



#### हरियाणा सीमा तक 3 टोल

ओल्ड हाईवे से जयपुर से दिल्ली जाते समय हरियाणा सीमा तक 3 टोल बूथ आते हैं। इसमें पहला टोल बूथ दौलतपुरा है, जबकि दूसरा मनोहरपुर और तीसरा शाहजहांपुर बॉर्डर है। अभी पहले चरण में दौलतपुरा टोल बूथ को बैरियर फ्री किया गया है। मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर.लेस टोलिंग सिस्टम की शुरुआत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने इसी साल गुजरात के सूरत.भरूच सेक्शन के नेशनल हाईवे- 48 पर चोर्यासी टोल प्लाजा से की थी।

#### 100 की स्पीड से गुजर सकेंगी गाड़ियां

बैरियर.लेस टोलिंग सिस्टम के शुरू होने से इस टोल प्लाजा पर अब गाड़ियों को रुकने या गाड़ी की स्पीड कम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां लगी एडवांस ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन टेक्नोलॉजी और स्कैनर सिस्टम से गाड़ी का नंबर और उस पर लगे फास्टैग को स्कैन किया जा सकेगा। ये सिस्टम 100 की स्पीड से गुजरने वाली गाड़ियों के नंबर को भी स्कैन करके टोल टैक्स काट सकेंगे।

## री-नीट के फर्जी-पेपर की टेलीग्राम पर कर रहा था डील



मेवाड़ जगत

**भीलवाड़ा।** री-नीट के फर्जी पेपर बेचने के आरोप में पकड़े गए युवक आकाश ने पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आकाश ने 4 हजार में री-नीट के फर्जी पेपर का सौदा किया था। पेमेंट के लिए अपना अकाउंट नंबर और क्यूआर कोड भेजा था। आरोपी के बैंक अकाउंट में 18 हजार रुपए भी मिले है। हालांकि अब तक किन.किन लोगों ने उसे कितना अमाउंट ट्रांसफर किया है, इसकी बैंक डिटेल के आधार पर जांच की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस ने आकाश को कोर्ट में पेश कर 22 जून तक रिमांड पर लिया है। मामले में एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है।

हालांकि फिलहाल आरोपी के मोबाइल और लेपटॉप को जब्त कर लिया गया है और हार्ड ड्राइव की भी जांच की जा रही है, जिससे नेटवर्क से जुड़े दूसरे लोगों को भी पकड़ा जा सके।

बता दें कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने पटेल नगर क्षेत्र में एक मकान में दबिश देकर आकाश को पकड़ा था। आरोपी टेलीग्राम पर री-नीट का पेपर फर्जी पेपर बेच रहा था।

## उदयपुर में शाम को तेज हवा के साथ हुई हल्की-बारिश

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उदयपुर शहर में शुक्रवार शाम मौसम के अचानक करवट लेने से लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। दिनभर चिपचिपी गर्मी और उमस से परेशान शहरवासियों को शाम ढलते ही मौसम का बदला रूप देखने को मिला। तेज हवा के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ।

इससे वातावरण में ठंडक घुल गई और मौसम सुहाना हो गया। आसमान में दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच उमस बनी रही, लेकिन शाम को अचानक तेज हवा चलने लगी। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी



शुरू हो गई। बारिश और ठंडी हवा के कारण लोगों ने राहत महसूस की। शहर के कई इलाकों में लोग घरों और बाजारों से निकलकर मौसम का आनंद लेते नजर आए।

## मेवाड़ की अस्मिता पर प्रहार से उबाल

## विश्वराज सिंह मेवाड़, भूपेश सिंह और राजवीर सिंह की तस्वीरों के अपमान पर कार्रवाई की मांग

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में मराठा साम्राज्य के नक्शे में राजस्थान के कुछ क्षेत्रों को दर्शाए जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गहरा गया है। इस विषय पर सार्वजनिक रूप से आपत्ति जताने वाले मेवाड़ पूर्व राजपरिवार सदस्य एवं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, ब्रिगेडियर भूपेश सिंह हाड़ा और इतिहासकार राजवीर सिंह चलकोई की तस्वीरों को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैरों तले रौंदे जाने का वीडियो सामने आने के बाद मेवाड़ सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में आक्रोश फैल गया है। राजपूत समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इसे मेवाड़ के गौरव, इतिहास और स्वाभिमान का अपमान बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में शामिल मराठा साम्राज्य के नक्शे को लेकर विश्वराज सिंह मेवाड, ब्रिगेडियर भूपेश सिंह हाड़ा और इतिहासकार राजवीर सिंह चलकोई ने सार्वजनिक रूप से आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके बाद मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनकी तस्वीरों को पैरों तले रौंदे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसके बाद मेवाड़ अंचल में व्यापक नाराजगी देखने को मिल रही है।



### सोशल मीडिया पर भी दिखा व्यापक रोष

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजजनों ने घटना की निंदा करते हुए इसे मेवाड़ की अस्मिता और गौरव के खिलाफबताया है। लोगों का कहना है कि इतिहास और समाज से जुड़े सम्मानित व्यक्तियों के प्रति इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। समाज के प्रतिनिधियों ने सरकारों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफकठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### यह केवल तीन व्यक्तियों नहीं, पूरे मेवाड़ का अपमान : परमवीर सिंह

श्री राजपूत करणी सेना के संभाग अध्यक्ष डॉ. परमवीर सिंह दुलावत ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे मेवाड़ के स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास का अपमान है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ का इतिहास त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का इतिहास है, जिसे किसी भी प्रकार की हरकत से कमतर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि मेवाड़ की पहचान महाराणा प्रताप के संघर्ष, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के सिद्धांतों से जुड़ी हुई है। ऐसे में मेवाड़ से जुड़े सम्मानित व्यक्तियों की तस्वीरों का इस प्रकार अपमान समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। दुलावत ने महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार से मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई।

### कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी : अर्जुन सिंह

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह चुंडावत ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है, लेकिन किसी व्यक्ति की तस्वीरों का इस प्रकार अपमान करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल तीन व्यक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मेवाड़ की प्रतिष्ठा और सम्मान से जुड़ा विषय है।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में जून 2026 के मध्य में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी 'वैश्विक डिजिटल समावेशन रिपोर्ट 2026' के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में 5G कनेक्टिविटी और डिजिटल बैंकिंग पहुंचाने के मामले में भारत को दुनिया के विकासशील देशों में कौन सा स्थान मिला है?

[A] प्रथम स्थान [B] तीसरा स्थान [C] पांचवां स्थान [D] दसवां स्थान

**Q2.** जून 2026 में राजस्थान सरकार ने राज्य के किस प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल को 'अंतराष्ट्रीय वैदिक हेरिटेज सेंटर' के रूप में विकसित करने के लिए ₹250 करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है?

[A] पुष्कर (अजमेर) [B] नाथद्वारा (राजसमंद) [C] बेणेश्वर धाम (डूंगरपुर) [D] खाटू श्याम जी (सीकर)

**Q3.** राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाओं को देखते हुए, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सहयोग से राज्य में संचालित 'पीएम-कुसुम योजना' के कम्पोनेंट-ए के तहत किसानों की बंजर भूमि पर अधिकतम कितनी क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा सकता है?

[A] 500 किलोवाट से 2 मेगावाट [B] 2 मेगावाट से 5 मेगावाट [C] 5 मेगावाट से 10 मेगावाट [D] केवल 100 किलोवाट

**Q4.** राजस्थान के 'महरू प्रदेश' (मरूस्थल) में पाई जाने वाली झीलों के संदर्भ में, जो मरूस्थलीय क्षेत्रों में वर्षा काल में बनने वाली अस्थाई और कम महरी झीलें होती हैं, उन्हें स्थानीय भाषा में क्या कहा जता है?

[A] रन या टाट [B] प्लाया या डांड [C] खडीन [D] उपर्युक्त सभी

**Q5.** मध्यकालीन राजस्थान की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत राजा के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद 'प्रधान' का होता था। मेवाड़ रियासत में इस 'प्रधान' के पद को किस नाम से पुकारा जाता था?

[A] मुसाहिब [B] दीवान [C] प्रधानी [D] मुख्तियार

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा
कल के अंक के उतर - 1 (A) 2 (B) 3 (B) 4 (C) 5 (D)


Dr. ANUSHKA
GROUP OF INSTITUTES


## सूने मकान पर चोरों का धावा, सीसीटीवी में कैद वारदात

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सवीना थाना क्षेत्र के आरके पुरम में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर कैद हो गए जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार मकान मालिक रवि गोराना अपने परिवार के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ गए हुए थे। घर सूना होने का फायदा उठाकर रात करीब तीन बजे बाइक पर सवार दो युवक कॉलोनी में पहुंचे। दोनों ने पहले क्षेत्र में रेकी की और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी। इसके बाद वे मकान की दीवार फांदकर अंदर घुस गए और मुख्य दरवाजे के ताले तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया। चोरों ने घर के कमरों और अलमारियों को खंगालते हुए सामान को अस्त.व्यस्त कर दिया। सुबह पड़ोसियों ने मकान का गेट खुला देखा तो उन्हें चोरी की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने मकान मालिक को सूचना दी तथा सवीना थाना पुलिस को भी मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। फ्लिहाल मकान मालिक के उदयपुर लौटने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि घर से कितनी नकदीए जेवरात अथवा अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है।

## चारण महासभा अध्यक्ष पद के लिए मतदान रविवार को

**उदयपुर।** चारण महासभा अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए रविवार को भोपाल चारण छात्रावास सूरजपोल स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी तथा देर रात तक परिणाम घोषित होने की संभावना है। चुनाव में उदयपुर, बांसवाडा, डूंगरपुर, प्रतापगढ, चित्तौडगढ, भीलवाडा और राजसमंद जिलों के चारण समाज के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में लगभग 2200 मतदाता अध्यक्ष पद का फैसला करेंगे। मतदान के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी सेवानिवृत्त सीआई नरेंद्र सिंह सौदा तथा भेरू सिंह सौदा उम्मीदवार हैं। चारण महासभा संस्थान के संविधान के अनुसार अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। निर्वाचित अध्यक्ष को अन्य पदों पर मनोनयन का अधिकार होगा तथा एक माह के भीतर कार्यकारिणी की घोषणा करनी होगी। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नरपत सिंह को पर्यवेक्षक तथा जब्बर सिंह एवं महिपाल सिंह को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।



**वादे विकास के, सड़क अब भी अधूरी, पेली भागल के ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर खुद बनाया रास्ता**

# कई वर्षों तक लगाते रहे गुहार, नहीं बनी सड़क तो ग्रामीणों ने खुद संभाली जिम्मेदारी

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** विकास, ग्रामीण उत्थान और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सरकारों के दावे भले ही बड़े हों, लेकिन उदयपुर जिले की बड़गांव पंचायत समिति की कठार ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम पेली भागल की हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। आजादी के दशकों बाद भी यहां के ग्रामीण सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्षों तक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद जब कोई समाधान नहीं निकला तो ग्रामीणों ने खुद चंदा जुटाकर रास्ता बनाने का फैसला किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक सड़क निर्माण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। विधायक, सांसद, सरपंच और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन और आवेदन सौंपे गए, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को शिक्षाए स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### ग्रामीणों ने खुद संभाली जिम्मेदारी

ग्रामीण सुरेश गमेती ने बताया कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बार.बार गुहार लगाने के बाद भी जब सड़क नहीं बनी तो गांव के लोगों ने खुद ही चंदा एकत्रित किया। इसके बाद श्रमदान कर गिट्टी और पत्थर डालकर रास्ते को कुछ हद तक चलने योग्य बनाया गया। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है, लेकिन स्थायी समाधान अब भी नहीं हुआ है।

### जनप्रतिनिधियों पर उठ रहे सवाल

पेली भागल गांव गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में आता है। वर्तमान में यहां से प्रताप भील विधायक हैं और इससे पहले भी वे इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं पूर्व में गोगुंदा विधानसभा का प्रतिनिधित्व मांगीलाल गरासिया ने कियाए जो राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से अलग.अलग जनप्रतिनिधि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते रहे, लेकिन आज तक गांव को सड़क जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिल सकी। ग्रामीणों का सवाल है कि जब क्षेत्र का प्रतिनिधित्व मंत्री और कई बार विधायक रह चुके जनप्रतिनिधि करते रहे हैं, तब भी यदि लोगों को अपनी जेब से पैसा खर्च कर सड़क बनानी पड़ रही है, तो विकास के दावों की वास्तविक स्थिति क्या है?

### विकास के दावों और जमीनी हकीकत में अंतर

सरकारें गांव-गांव सड़क पहुंचाने और ग्रामीण विकास की बात करती हैं, लेकिन पेली भागल जैसे गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चुनाव के समय किए जाने वाले वादों और धरातल पर दिखाई देने वाली स्थिति के बीच का अंतर यहां साफ नजर आता है।

### अब पक्की सड़क की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव तक पक्की सड़क का निर्माण जल्द कराया जाए। उनका कहना है कि उन्होंने मजबूरी में स्वयं रास्ता बनाया है, लेकिन क्षेत्र के स्थायी विकास और आमजन की सुविधा के लिए पक्की सड़क ही एकमात्र समाधान है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी यह पहल प्रशासन का ध्यान आकर्षित करेगी और वर्षों पुरानी सड़क की मांग जल्द पूरी होगी।

### आदिवासी परिवारों की परेशानी

पेली भागल में करीब 35 से अधिक आदिवासी परिवार निवास करते हैं। गांव तक पहुंचने के लिए एक खड़ी और पथरीली घाटी से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के मौसम में यह रास्ता बेहद खतरनाक हो जाता है। कच्चा मार्ग होने के कारण दोपहिया वाहन भी आसानी से नहीं निकल पाते और कई बार लोगों को पैदल ही लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

### मरीजों और विद्यार्थियों के लिए मुश्किल

ग्रामीणों के अनुसार सड़क नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी मरीजों और स्कूली बच्चों को होती है। किसी के बीमार होने पर उसे अस्पताल तक पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाता है। वहीं बच्चों को प्रतिदिन जोखिम भरे रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है। बरसात के दौरान हालात और खराब हो जाते हैं।

### धक्का लगाकर चढ़ानी पड़ती बाईक

स्थानीय निवासी मनोज ने बताया कि गांव तक पहुंचने वाला रास्ता इतना खराब है कि कई बार मोटरसाइकिल को पीछे से धक्का लगाकर चढ़ाना पड़ता है। बारिश के समय रास्ते पर फिसलन बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि वर्षों से सड़क की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# 21 जून को नीट परीक्षा, उदयपुर में 29 केंद्रों पर होगी परीक्षा

मेवाड़ जगत

उदयपुर। देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में शामिल नीट को लेकर उदयपुर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए जिले में 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलमुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी, वहीं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जैमर भी लगाए जाएंगे। परीक्षा के सफल संचालन और निगरानी के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 के प्रधानाचार्य




अरुण कुमार तथा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक.1 के प्रधानाचार्य राजराजेश्वर सिंह को शामिल किया गया है। परीक्षा की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 के प्रधानाचार्य अरुण कुमार और केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के प्रधानाचार्य राजराजेश्वर सिंह को समन्वयक नियुक्त किया गया है। इनमें से एक समन्वयक 16 परीक्षा केंद्रों और दूसरे समन्वयक को 13 परीक्षा केंद्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा से पहले प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### सुरक्षा के विशेष इंतजाम

नीट परीक्षा को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। वहीं परीक्षा कक्षों के बाहर जैमर लगाए जाएंगे ताकि मोबाइल नेटवर्क और अन्य इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यमों का उपयोग नहीं किया जा सके। परीक्षा प्रक्रिया पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की विशेष नजर रहेगी।

### समय पर पहुंचना होगा जरूरी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसलिए अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है।

### एडमिट -पहचान पत्र अनिवार्य

परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए ई-एडमिट कार्ड और वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। इनके बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को 7 घंटे की बिजली कटौती

मेवाड़ जगत

उदयपुर। विद्युत तंत्र के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते शनिवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के कई इलाकों में निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। गुलाबबाग जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कटौती रहेगी। विभाग से जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते गुलाबबाग जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान बापू बाजार, देहली गेट, नेहरू बाजार, सूरजपोल, मुखर्जी चौक, गुलाबबाग, भटियानी चोहट्टा, उदियापोल, मेवाड़ मोटर्स, लिंक रोड, सवेरा गली, कालाजी-गोराजी, कामलियावास, लाल घाट, नवघाट, कसारों की ओल, मामाजी की हवेली, जय जिनेंद्र कॉम्प्लेक्स तथा यूनिवर्सिटी रोड क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

**भटेवर ग्रिड के रखरखाव से ग्रामीण क्षेत्रों में भी रहेगी बिजली बंद** - वहीं 132 केवी ग्रिड सबस्टेशन भटेवर के त्रैमासिक रखरखाव कार्य के चलते इससे जुड़े 33 केवी जीएसएस क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके तहत वल्लभनगर, भटेवर, खेरोदा, अमरपुरा, भोपाखेड़ा, लक्ष्मणपुरा, गुपड़ी, मिठानीम, करणपुर, पूरियाखेड़ी, गोटीपा, महाराज की खेड़ी, बांसलिया, धमानिया, बड़गांव, तारावट, मोरझाई, बाघथल, बालाथल, सियाखेड़ी, वाजमिया, मुंडोल, शंभूपुरा, विजयपुरा, नाडिया खेड़ी, मेनार, वाना, बरोड़िया, नवानिया, कीकावास, मेनपुरिया, अघोरिया, खड़ौदा, नाहरपुरा और रुण्डेड़ा सहित आसपास के कई गांवों एवं कस्बों में शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# सद्बुद्धि यज्ञ कर सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

मेवाड़ जगत

उदयपुर। पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के आह्वान पर चल रहे स्वाभिमान बचाओ आंदोलन के तहत शुक्रवार को उदयपुर में मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज स्थित हनुमान मंदिर में कर्मचारियों ने विभाग और सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ आयोजित कर नाराजगी जताई। कर्मचारियों का आरोप है कि पंचायतीराज विभाग में कार्यरत करीब 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लंबे समय से लंबित रखा गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है। संगठन की प्रमुख मांगों में ग्राम पंचायतों में कार्यरत कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों का स्पष्ट जॉब चार्ट जारी करना, उत्तराखंड पैटर्न को पूर्ण रूप से लागू करना, नोशनल लाभ प्रदान करना तथा वित्त विभाग के नवीनतम निर्देशों के अनुरूप पंचायतीराज संस्थाओं में मंत्रालयिक कर्मचारियों के कैडर का पुनर्गठन करना शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद सरकार और विभाग उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गोवर्धन सागर किनारे योगाभ्यास

## युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

मेवाड़ जगत

उदयपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने शुक्रवार को उदयपुर के गोवर्धन सागर झील पानी के बीच योगाभ्यास कर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योगासन और प्राणायाम कर योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।



सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शंकर गोरा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार भी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिक जीवन की भागदौड़ और तनावपूर्ण दिनचर्या के बीच प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। नियमित योग से व्यक्ति शारीरिक रूप से फिट रहने के साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। शंकर गोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के अनेक देशों में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

## प्रयाग सेवा संस्थान के नशा मुक्ति जागरूकता पोस्टर का केबिनेट मंत्री गहलोत ने किया विमोचन

# नशे के खिलाफ जन-जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार : गहलोत

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** प्रदेश में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उसके दुष्प्रभावों को देखते हुए नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रयाग सेवा संस्थान नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र द्वारा तैयार किए गए विशेष जागरूकता पोस्टर का शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने विमोचन किया।



प्रयाग सेवा संस्थान नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र पिछले कई वर्षो से नया भारतए नशा मुक्त भारत का संदेश देकर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में संस्थान ने नशा रूपी बीमारी के लक्षणए दुष्परिणाम, रोकथाम एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी से युक्त पोस्टर तैयार किए हैं। इन पोस्टरों को सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों, पुलिस थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंच सके और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढे। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहींए बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना आज समय की सबसे बडी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जन-जागरूकता ही सबसे बडा हथियार है और इसके लिए समाज, परिवार, शैक्षणिक संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध है और पुनर्वास एवं जागरूकता से जुडे प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

मंत्री गहलोत ने प्रयाग सेवा संस्थान द्वारा वर्षो से किए जा रहे नशा मुक्ति एवं पुनर्वास संबंधी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण में सहभागी जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रयाग सेवा संस्थान के संस्थापक रुद्र प्रताप सिंह राठौड एवं कार्यकर्ताओं ने केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उदयपुर के अधिकारी गिरिश भटनागर का अभिनंदन एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक रुद्र प्रताप सिंह राठौड, संस्थान प्रभारी मुकेश गर्ग, स्टाफ सदस्य शाहिद हुसैन, जगदीश कुमावत सहित संस्थान के अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कांग्रेसजनों ने की गौसेवा, बच्चों के साथ मनाया जन्मोत्सव



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत महाकाल मंदिर स्थित गोशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई तथा राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की कामना की गई। इसके बाद बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया और उन्हें मिठाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार गरीब, किसान, युवा, मजदूर और वंचित वर्गों के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं।

उनके जन्मदिवस को सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के साथ मनाना उनके विचारों और जनसेवा की भावना को सम्मान देने का प्रतीक है।


# नलों से आ रहा गंदा और बदबूदार पानी

मेवाड़ जगत

**फतहनगर।** फतहनगर में रेलवे स्टेशन के पीछे की कॉलोनियों में करीब एक महीने से नलों में गंदा और बदबूदार पानी आने से लोग परेशान हैं। पानी पीने लायक नहीं होने से लोग बाहर से कैंपर खरीदने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासी इसकी शिकायत जलदाय विभाग को कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। क्षेत्रवासी विष्णु पाराशर, मांगीलाल शर्मा और शक्ति सिंह ने बताया कि करीब एक महीने से नलों में बहुत कम दबाव से पानी आ रहा है। पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि उसे हम हाथ-पैर धोने के उपयोग भी नहीं ले सकते। विभाग को इस बारे में शिकायत की गई लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। खासकर हीरावास रोड, नानेश कॉलोनी, महेश कॉलोनी आदि क्षेत्र इससे प्रभावित हैं। क्षेत्रवासी रामेदव खटीक, मोहनसिंह और देवेन्द्र सिंह ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग की है।



# आत्मसमान और न्याय का संदेश देती लघु फिल्म हिसाब का प्रीमियर रिलीज




मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** आत्मसम्मान, न्याय और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित लघु फिल्म हिसाब का प्रीमियर एवं प्रथम प्रदर्शन समारोह शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित इस फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान कई दर्शक भावुक नजर आए, वहीं इसके संदेश और अप्रत्याशित अंत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। फिल्म के प्रथम शो का उद्घाटन भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिसाब केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में न्याय, आत्मसम्मान और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब चुप्पी को कमजोरी समझ लिया जाएं, तब अपने अधिकारों के लिए सम्मानपूर्वक आवाज उठाना आवश्यक हो जाता है। हिसाब केवल पैसों का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और न्याय का भी होना चाहिए। फिल्म के निर्देशक चिन्मय भट्ट ने बताया कि हिसाब आज के समाज की एक महत्वपूर्ण सच्चाई को दर्शाती हैए जहां कई लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के बावजूद अन्याय और शोषण के सामने चुप रह जाते हैं। फिल्म की कहानी एक संपन्न व्यक्ति और उसके यहां कार्यरत आया के वेतन के विवाद से शुरू होती है, लेकिन आगे बढ़ते हुए यह आत्मसम्मान, अधिकार और मानवीय गरिमा का गहरा संदेश देती है।

# उधार लिया पैसा कई गुना चुकाने के बाद भी धमकाने और पैसा मांगने का मामला दर्ज

**उदयपुर।** पड़ोसी दुकानदार से ब्याज पर पैसा उधार लिया और इसके एवज में चैक और स्टॉम्प दिया। उधार लिया पैसा कई गुना ब्याज के साथ चुकाने के बाद भी आरोपी अभी भी ओर पैसा मांग रहा है और नही देने पर चैक और स्टॉ प का दुरूपयोग करने की धमकी दे रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पन्ना लाल पुत्र तुलसीराम लौहार निवासी वडियार मावली ने शिवलाल पुत्र देवीलाल गुर्जर निवासी बाड़ा वडियार मावली के खिलाफ रिपोर्ट दी कि प्रार्थी व आरोपी दोनों एक ही गांव के है और दोनों में अच्छी जान पहचान है। दोनों की मावली में दुकान भी पास-पास में है। आरोपी डेयरी व्यवसाय करता है एवं प्राथी टेक्ट्रर रिपेयरिंग का काम करता है। आरोपी 5 से 10 प्रतिशत ब्याज पर रूपये देने का काम करता है। प्रार्थी को 3 लाख रूपए स त आवश्यकता होने से प्राथी ने आरोपी से ब्याज पर इन रूपयों की माग की जिस पर आरोपी ने 12 अप्रैल 2022 को प्रार्थी को 13 हजार रूपये नकद दिए और एक चैक 2 लाख 87 हजार रूपए का दिया। बदले में प्रार्थी ने आरोपी पर विश्वास कर सिक्योरिटी पेटे 8-9 खाली चैक दिए। तीन खाली स्टा प प्रार्थी के नाम का एवं उसकी पत्नी के नाम का लिया। दो खाली कागजो पर आरोपी ने प्रार्थी एवं उसकी पत्नी से सिक्युरिटी का कहकर हस्ताक्षर कराए थे। प्रार्थी ने आरोपी को आज तक मूल धन एवं ब्याज के रूप में प्रार्थी एवं उसके पुत्र द्वारा लाखो रूपये का भुगतान किया जा चुका हैं। आरोॆप ने मावली चौराहे पर खरीदी गयी दुकान की रजिस्ट्री के वक्त भी प्रार्थी ने 1 लाख रूपए नकद अदा दिए है। आरोपी उससे तीन लाख के बदले आज तक ब्याज के अतिरिक्त लाखो रूपये ऐंठ लिए हैए एवं आज भी सिक्युरिटी पेटे खाली चैक व खाली स्टा प आरोपी के पास पडे है और वह प्रार्थी से ओर पैसा ऐंठने की धमकी दी जा रही है। प्रार्थी ने आरोपी से कई बार अपना हिसाब बताने एवं उसके खाली चैक एवं खाली स्टाम्प को लौटाने को कहा तो आरोपी हर बार टालम टोल कर चैक का दुरूपयोग करने एवं प्रार्थी एवं उसकी पत्नी पर पुलिस केस करने की धमकी दी जाती है। 27 अप्रैल को आरोपी ने उसके पुत्र कन्हैयालाल को फोन कर धमकी दी कि मुझे तुम लोग अब ब्याज के पैसे नहीं दे रहे हो यदि तुमने मुझे रूपये नहीं दिए तो उसके पास पड़े सिक्यूरिटी पेटे चैक का वह दुरूपयोग कर केस कर देगा। मेरे पुत्र के साथ मारपीट करने एवं दुकान के ताला लगाने की धमकी दी। प्रार्थी 28 अप्रैल को आरोपी को एक पत्र आरोपी को भिजवाया, जिसमें आरोपी उसके कृत्य की जानकारी देते हुए उससे प्रार्थी के सारे चैक व खाली स्टाम्प एवं उसकी पत्नी का खाली स्टा प लौटाने के लिए लिखा। जो आरोपी को मिलने के बाद आरोपी आक्रोशित हो गया और 7 मई शाम को जब प्रार्थी अपने गांव वडियार था। तब प्रार्थी को फोन कर धमकाया। तब से प्रार्थी डर के मारे अपनी दुकान भी नहीं खोल पा रहा है। मेरे पुत्र कन्हैयालाल को भी फोन पर धमकियों दी। जिससे मेंरे पुत्र ने डर के मारे अपना फोन बन्द कर रखा है एवं डरकेमारेमावली दुकान पर भी नहीं आ रहा है। आरोपी को सारा पैसा ब्याज के लौटाने के बाद भी आरोपी प्रार्थी एवं मेंरे पुत्र कन्हैयालाल को धमकी देकर जोर जबरदस्ती पैसा वसूलना चाहता है। रिपोर्ट पर मावली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विवाह समारोह से लौट रहे युवक से मारपीट

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** विवाह समारोह से लौट रहे एक युवक के साथ एक युवक ने लट्ठ और सरिए से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वीरमा पुत्र लसा गमेती निवासी गुर्रा आ बा खादरा ने रिपोर्ट दी कि 6 जून को मेरे काका के पुत्री का विवाह था। मै विवाह से पुनः करीब 10.30 बजे मेरे घर आ रहा था इतने रास्ता रोककर बैठे रमेश पुत्र भगा गमेती निवासी गुर्रा ने मुझे रोका और मेरे साथ धक्का-मुक्की करते हुए मेरे माथे मे पत्थर मारा। तब मैं बहोश होकर वहीं गिर पडा तब इन बदमाशों ने बहोशी की हालत में भी पत्थर, लट्ठ और लोहे के सरिए से मारपीट करता रहा। मैने शोर मचाया तो माँ च पा व पिता लसा आए और बीच-बचाव करने लगे। तब इन बदमाश ने उनके साथ भी धक्का मुक्की की और यह बदमास भाग गया। तब मुझे मेरे पिता इलाज कराने के लिए सिरोही ले गए। रिपोर्ट पर बेकरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेत पर काम कर रही महिला से मारपीट कर किया घायल

उदयपुर। खेत में काम कर रही एक महिला के साथ एक भाई-बहन ने पुराने विवाद के चलते मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शांता देवी खराडी पत्नी लक्ष्मण खराडी निवासी भीलवाडा असारीवाडा खेरवाडा ने रिपोर्ट दी कि 15 जून को शाम 5 बजे मै अपने खेत में काम कर रही थी। तभी पायल पुत्री लक्ष्मण एवं गोविन्द पुत्र लक्ष्मण दोनो गाली-गलौच करते हुए मेरे खेत में घुस गए। पायल के एक हाथ में चाकू तथा दूसरें हाथ में पत्थर थे। दोनो नें मेरे पास आते ही मुझ पर पथराव करते हुए हमला बोल दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए हमला कर दिया। मैं किसी तरह स्वयं को उनके हमले से बचाते हुए दूर होने का प्रयास किया, लेकिन बचते बचाते भी मुझे इन लोगों द्वारा मारे गए पत्थरो में मेरे सिर व शरीर पर जगह-जगह चोंटे आई, जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई। मैं किसी तरह बच कर बड़ी मुश्किल में अपने घर पहुंचीं व घर वालो को घटना की जानकारी दी। दोनो ने मुझे जान से मारने की नियत सें हमला किया था। रिपोर्ट पर बावलवाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने बीयर का पैसा नहीं देने पर एक युवक के साथ मारपीट करने में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेश पुत्र श्रवण लौहार निवासी झरनो की सराय देबारी ने रिपोर्ट दी कि 7 जून को रात्री करीब 11 बजे पर मेरे मित्र भैरुलाल से मिलने के लिए निकला और पेसिफिक कॉलेज गेट के पास सर्विस रोड पर जा रहा था की मेरी बुलट के आगे थार आकर रूकी और मेरे से बियर पीने के लिए रुपयो की मांग की। मेरे मना करने पर थार में लक्की शक्तावत, भानु बाठेडा, सोनू व उनके साथी उतरे। आरोपी लक्की ने बेल्ट से मारा और भानु ने बीयर की बोतल सिर में मारी। सभी आरोपियों ने उसे रोड पर गिराकर मारपीट की। मैं जान बचाकर भाग मौके से भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में जांच करते हुए भानु प्रताप सिंह उर्फ भानु पुत्र विजय सिंह बाठेडा निवासी श्रीराम कॉलोनी प्रतापनगर को गिर तार किया है। आरोपी से अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## महिला के भूखण्ड पर युवक-युवती ने किया कब्जा

उदयपुर। एक महिला के भूखण्ड पर एक महिला और युवक ने कब्जा कर अपना बोर्ड लगा दिया और विद्युत मीटर भी लगा दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विनिता मालवीय पत्नी प्रकाश मालवीय निवासी शोभागपुरा ने रिपोर्ट दी कि प्रार्थीया का एक भूखण्ड सं या 3 बड़गांव में है। यह भूखण्ड प्रार्थीया ने 23 जुलाई 2007 को लक्ष्मण सिंह पुत्र केसर सिंह निवासी उदयपुर से खरीदा था। इस भूखण्ड पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया हुआ था। इसके बाद प्रार्थीया ने इस भूखण्ड पर फाटक लगा कर अपने नाम का साईनबोर्ड लगा दिया। समय-समय पर प्रार्थीया अपने भूखण्ड की देखरेख के लिए जाती है। 20 मई को जब प्रार्थीया अपने पति के साथ अपने भूखण्ड पर गई तो देखा कि मेरे भूखण्ड की फाटक पर मेरे नाम के बोर्ड को हटाकर जुली श्रीमाली, मनीष श्रीमाली निवासी बडगांव का बोर्ड लगा रखा था तथा मेरे भूखण्ड के पास स्थित ख बे पर एक मीटर भी लटका हुआ मिला। जुली श्रीमाली एंव मनीष श्रीमाली ने प्रार्थीया के भूखण्ड पर कब्जा करना चाहते है। इसीकारण इन्होने मेरे भूखण्ड पर लगा मेरे नाम का बोर्ड हटाकर इनके नाम का बोर्ड लगा दिया व पास के ख बे पर मीटर लटका दिया। रिपोर्ट पर बड़गांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुएं पर मोटर चलाने से मना करने पर युवक से मारपीट

**उदयपुर।** कुएं पर बिना न बर के मोटर चलाने के लिए मना करने पर एक परिवार के सदस्यों ने एक से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोटू पुत्र हिरा गाडरी निवासी गोटीपा वल्लभनगर ने उदा पुत्र परथा गाडरी,मोहन पुत्र परथा गाडरी, देवा पुत्र उदा गाडरी, वरदीचन्द पुत्र उदा गाडरी, जगू पुत्र मोहन गाडरी, रामी पत्नी देवा गाडरी, मोहनी पत्नी वरदीचन्द गाडरी निवासी गोटीपा वल्लभनगर के खिलाफ रिपोर्ट दी कि गत दिनों सुबह 9.30 बजे प्रार्थी मेरे राणाकुई वाले कुएं पर जा रहा था कि रास्ते में सभी आरोपी मिले और मुझे रोककर मुझे जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इतने में महेन्द्र रेबारी आ गया जिसने बीच-बचाव किया। कुएं पर मोटर चलाने का मेरा न बर था पर इन लोगों ने मेरे न बर पर उनकी मोटर चला दी, जिसके लिए मना किया तो मारने लगे।